दिन– मंगलवार दिनांक– 29 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और अंतरिक्ष से लेकर विद्युत वाहन में नई प्रौद्योगिकी सहित प्रत्येक क्षेत्र में मेक–इन–इंडिया को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त युवाओं को इक्यावन हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने के प्रयास किये जा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नव–नियुक्त लोगों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

———————————————————

देशभर में चालीस स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। पटना के पटेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ सत्रह युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे नई जिम्मेदारियां संभालन के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जीतन राम मांझी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पटना एम्स में कई अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोकार्पण किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि एम्स पटना में ड्रोन स्वास्थ्य सेवा, किडनी प्रत्यारोण इकाई, कैंसर मरीजों के लिए हेला मशीन की सुविधा और नवजात शिशुओं के लिए विशेष निकु वार्ड की व्यवस्था आज से शुरु हो गयी है। इस अवसर पर पटना एम्स में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पटना एम्स के निदेशक समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बाढ़ प्रभावित किसानों के बीच आज कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि का वितरण किया। पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से डेढ़ लाख किसानों के बैंक खातों में अनुदान की राशि अंतरित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री मंगल पांडेय, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

पटना में निर्माणाधीन मेट्रो रेल परियोजना की खुदाई के दौरान हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य मजदूर घायल हो गये हैं। पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक राजपथ के पास मेट्रो टनल की खुदाई के दौरान बोरिंग मशीन का ब्रेक फेल हो जाने से यह हादसा हुआ। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने दो मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। इधर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से भी मामले की जांच की जा रही है।

---

धनतेरस का पर्व आज पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन सोना–चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। माना जाता है कि इससे घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी है।

---

जमुई जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक चार पहिया वाहन से अवैध हथियार के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवड्डा गांव में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई कर कुख्यात अपराधी राजा को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े

गये अपराधी पर मुंगेर और भागलपुर में हत्या, लूटपाट, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।